Chapter- 10

क्रिया

STUDY NOTES

- **परिभाषा-**

  जिन शब्दों से किसी काम का करना या होना पाया जाता है, उन्हें क्रिया कहते हैं।

- **क्रिया के भेद-**



१. **सकर्मक क्रिया :** जिन क्रियाओं के साथ कर्म होता है, उन्हें सकर्मक क्रिया कहते हैं।

उदाहरण: दीपक गिटार बजा रहा है।

दीपक → कर्ता, गिटार → कर्म, बजा रहा है → क्रिया

२. **अकर्मक क्रिया :** जिन क्रियाओं में कर्म नहीं होता, उन्हें अकर्मक क्रिया कहते हैं।

उदाहरण: प्रतीक दौड़ रहा है।

प्रतीक → कर्ता, दौड़ रहा है → क्रिया

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

आइए अब लिखें:

१. क्रिया शब्द का उचित रूप लिखकर वाक्य पूरे कीजिए।

क) बगीचे में सुंदर फूल .... हैं। (खिलना)

ख) आज सभी दुकानें बंद ....। (होना)

ग) तनु कमरे से बाहर ....। (आना)

घ) माँ ने गरीब आदमी को रोटी ....। (देना)

उत्तर: (क) खिले, (ख) हैं, (ग) आई / गई, (घ) दी

२. कर्म छाँटकर लिखिए और अधूरे वाक्यों को पूरा कीजिए।

क) गाय हमें **दूध** देती है।

ख) अँधेरा हो गया है, **मोमबत्ती** जलाओ।

ग) हमें **वृक्ष** नहीं काटने चाहिए।

घ) भाई-बहन छत पर **पतंग** उड़ा रहे हैं।

३. क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए।

क) बच्चे बाहर **खेल रहें है।**

ख) पेड़ों पर मीठे फल **लगे हैं।**

ग) माँ बच्चों को खाना **खिला रही है।**

घ) हवा तेज **बह रही थी।**

ङ) कुम्हार मिट्टी के बरतन **बनाता है।**

च) श्रेय **नहा रहा है।**

४. क्रिया के अनुसार वाक्यों के भेद लिखिए।

क) दादी कहानी सुना रही है। (सकर्मक क्रिया)

ख) तेजस क्रिकेट खेल रहा है। (सकर्मक क्रिया)

ग) नीरजा नाच रही है। (अकर्मक क्रिया)

घ) कोमल पत्र लिखने बैठ गई। (सकर्मक क्रिया)

ङ) साँप रेंग रहा है। (अकर्मक क्रिया)

♦♦♦